Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding misinformation concerning Ptime Minister Fasal Bima Yojana (PMFBY).

श्री देवजी पटेल (जालौर): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया । प्रधान मंत्री फसल बीमा द्वारा प्रधान मंत्री जी ने किसानों की राहत के लिए एक बहुत अच्छा कदम उठाया है और उससे किसानों को बहुत लाभ मिल रहा है, लेकिन आज कुछ कारणवश कुछ किसान लाभ नहीं ले पा रहे हैं । राजस्थान में अभी पेपर में एक ऐड छापा गया था, जिससे किसान गुमराह हो रहे हैं । उसमें प्रधान मंत्री फसल बीमा की लास्ट डेट 16 तारीख और 2 तारीख बता रहे हैं, जबकि आज 31 जुलाई, 2019 प्रधान मंत्री फसल बीमा की लास्ट डेट है । जबकि ऐड में वे इसे 16 तारीख तक बढ़ा हुआ बता रहे हैं, जिससे किसान भ्रमित हों और किसान उस फसल बीमा का लाभ न ले सकें । अत: मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि ऐसे जो मैटर्स हैं, उन पर ध्यान दिया जाए और जो बीमा कंपनीज वहां ऑफिस नहीं खोलती हैं, उन पर कठोर कार्रवाई की जाए ।

माननीय अध्यक्ष: श्री नारण भाई काछड़िया को श्री देवजी एम. पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।